# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 दिसंबर, 2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अंक : 472


## नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ

## देश की कोयला ज़रूरत को पूरा करना हमारा दायित्व - श्री रावसाहेब पाटिल दानवे

### माननीय कोयला, खान एवं रेल राज्य मंत्री ने वेकोलि की समीक्षा की



माननीय कोयला, खान एवं रेल राज्य मंत्री श्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने दिनांक 29.12.22 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक की। बैठक में कोयला उत्पादन, कोयला प्रेषण एवं पावर प्लांट को कोयला आपूर्ति सहित अन्य मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। समीक्षा के दौरान उन्होंने वेकोलि के कामकाज की सराहना की।

समीक्षा बैठक में माननीय मंत्री श्री दानवे ने कोयला आवश्यकताओं के अनुरूप कोयला उत्पादन एवं त्वरित डिस्पैच करने पर जोर दिया। देश की बढ़ती हुई कोयला मांग का जिक्र करते हुवे उन्होंने नई खदान खोलने, नवीनतम तकनीक का प्रयोग करने एवं श्रमशक्ति का योग्य समायोजन करने को कहा। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से कोयला खनन में आने वाली आधारभूत समस्याओं को दूर करने की दिशा में सक्रिय कार्य करने के निर्देश दिए। माननीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार एवं कोयला मंत्रालय वेकोलि को सभी प्रकार के सहयोग एवं सहायता के लिए तत्पर है।

इसके पूर्व सीएमडी श्री मनोज कुमार ने माननीय कोयला, खान एवं रेल राज्य मंत्री श्री रावसाहेब पाटिल दानवे का स्वागत किया। बैठक में श्री मनोज कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के कार्य निष्पादन, योजनाओं, उपलब्धियों एवं चुनौतियों के बारे में माननीय मंत्री को विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय म्हेत्रे, विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी गण प्रमुखता से उपस्थित रहे।




## श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने वेकोलि के मुख्य सतर्कता अधिकारी का पदभार ग्रहण किया

### सीएमडी श्री मनोज कुमार तथा निदेशक मंडल ने दी बधाई



दिनांक 26.12.2022 को श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने वेकोलि मुख्यालय में मुख्य सतर्कता अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे बिहार एलएसए, पटना में निदेशक (ग्रामीण) के पद पर कार्यरत थे।

उन्होंने नागपुर से बेचलर ऑफ इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रॉनिक्स) में स्नातक करने के उपरान्त यूपीएससी की 1996 की इंजीनियरिंग सर्विसेज परीक्षा उतीर्ण की एवं 1998 में आईटीएस अधिकारी के तौर पर भारत सरकार के दूरसंचार विभाग में कार्यभार संभाला। उन्होंने दूरसंचार विभाग, भारत सरकार एवं बीएसएनएल में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र के नागपुर एवं अमरावती तथा बिहार के पटना शहर में अपनी सेवाएं दी। बीएसएनएल में मोबाइल कम्युनिकेशन तथा टेलीकॉम एनफोर्समेंट रिसोर्स एंड मॉनिटरिंग सेल जैसी विभिन्न टेलीकॉम नियामक संस्थानों में उन्हें 24 वर्षों का दीर्घ अनुभव है। श्री म्हेत्रे के इस दीर्घ अनुभव का वेकोलि को निश्चित ही लाभ मिलेगा।

वेकोलि में पदभार ग्रहण करने पर श्री म्हेत्रे को सीएमडी श्री मनोज कुमार, निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने उनका स्वागत करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

## वेकोलि की वलनी भूमिगत खदान फिर होगी शुरू

### वेंसार कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड को रिवेन्यू शेयरिंग आधार पर कार्य आरंभ करने का सौंपा एलओए



देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु वेकोलि निरंतर कार्यशील रहता है। इस दिशा में वेकोलि द्वारा अब एक और महत्वपूर्ण कदम लिया गया है।

वलनी भूमिगत खदान के कार्य-प्रारंभ, पुनर्वास, विकास एवं संचालन करने हेतु वेकोलि द्वारा वेंसार कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड को लेटर ऑफ अवार्ड जारी किया गया है। यह अनुबंध 25 वर्षों के लिए किया गया है तथा इसके अंतर्गत प्रस्तावित कुल कोयला उत्पादन 6.05 मिलियन टन होगा। यह अनुबंध रिवेन्यू शेयरिंग आधार पर किया गया है। यह, इस प्रकार का, वेकोलि का प्रथम एवं कोल इंडिया लिमिटेड का तृतीय अनुबंध है।

आज वेकोलि मुख्यालय में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने एलओआय वेंसार कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के श्री बी. पी. सिंह को सौंपा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वलनी खदान में जल्द ही कार्य प्रारंभ होगा एवं यह खदान राष्ट्र की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएगी। इस अवसर पर वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मुकेश कुमार मिश्रा, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सीएमसी) श्री ए. पी. सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु विशेष मुहिम चलाई गई थी। इस दिशा में वेकोलि ने यह एलओए जारी कर अपना सार्थक सहभाग दिया है।

## महाराष्ट्र के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस के साथ वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने की सदिच्छा भेंट



महाराष्ट्र के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस के साथ वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने दिनांक 25.12.2022 को नागपुर में शिष्टाचार भेंट की । भेंट के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। भेंट के दौरान महाप्रबंधक (कॉरपोरेट अफेयर्स) श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव प्रमुखता से उपस्थित रहे।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-2) की छमाही समीक्षा बैठक और पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न





दिनांक 19-12-2022 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), नागपुर (कार्यालय-2) की छमाही समीक्षा बैठक एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता श्री मनोज कुमार, अध्यक्ष, नराकास (का.-2) एवं सीएमडी, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने की। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संजय कुमार, निदेशक (कार्मिक), वेकोलि, श्री संजय कुमार निर्मल, उप कमांडेंट, ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ, श्री शशांक रायजादा, आयुक्त, क्षेत्रीय भविष्य निधि तथा श्री अर्जुना पंडा, निदेशक, परमाणु खनिज अन्वेषण अनुसंधान निदेशालय उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए नराकास (का.-2) के अध्यक्ष एवं सीएमडी डब्ल्यूसीएल श्री मनोज कुमार ने कहा कि हिंदी भाषा देश की अखंडता में अपनी सार्थक भूमिका निभाती है। उन्होंने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार को आवश्यक बताते हुए सभी सदस्य कार्यालयों को अधिक-से-अधिक कार्य राजभाषा हिन्दी में करने और गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस दिशा में सूचना प्रौद्योगिकी के व्यापक इस्तेमाल पर बल दिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में वेकोलि के निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों का स्वागत करते हुए कहा कि बैठक के मूल सिद्धांतों का निर्वाहन करना आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि कम कर्मियों वाले संस्थान जिन्हें स्वयं राजभाषा बैठक करना संभव नहीं है, ऐसे संस्थान एक साथ आकर बैठकें कर सकते हैं। समिति ने तत्काल इस सुझाव को स्वीकार किया।

बैठक में वर्ष 2021 में आयोजित नराकास-2 की प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए सदस्य कार्यालयों को पुरस्कृत किया गया। उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार - प्रादेशिक मौसम केंद्र, द्वितीय - वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड, तृतीय - परमाणु खनिज अन्वेषण अनुसन्धान निदेशालय, प्रोत्साहन 1 - कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, प्रोत्साहन 2 - मंडल रेल प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं प्रोत्साहन 3 - रक्षा लेखा संयुक्त नियंत्रक (वायुसेना) को दिया गया। अतिथियों ने राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सभी विजेता कार्यालयों को बधाई दी साथ ही नराकास-2 की गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर सदस्य कार्यालयों की गृह-पत्रिकाओं को भी सम्मानित किया गया।






बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई एवं आम सहमति बनी। इस अवसर पर सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। बैठक में नराकास (का.-2) के सदस्य कार्यालयों / विभागों के प्रमुख सहित सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारी, अनुवाद अधिकारी एवं पुरस्कार विजेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नराकास-2 के सदस्य सचिव एवं उप प्रबंधक (राजभाषा) डॉ. मनोज कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक) एवं राजभाषा प्रमुख श्री पी. नरेन्द्र कुमार ने किया।

ज्ञात हो कि नराकास नागपुर (का.-2) के अंतर्गत नागपुर के सरकारी कार्यालय आते हैं। नराकास इस कार्यालयों की हिंदी राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा करता है साथ ही हिंदी भाषा के व्यापक इस्तेमाल हेतु आवश्यक सहायता भी प्रदान करता है। नराकास, हिंदी भाषा के प्रचार एवं प्रसार के लिए नागपुर नगर में निरंतर क्रियाशील रहता है।

## वणी क्षेत्र के दौरे पर रहे सीएमडी श्री मनोज कुमार



अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार एवं निदेशक (तकनीकी) संचालन श्री जे. पी. द्विवेदी दिनांक 20-12-2022 को वणी क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने मुंगोली एवं घुग्गुस के मध्य स्थित वर्धा नदी के पुल का जायजा लिया, ताकि कोयला ढुलाई निर्बाध रूप से जारी रहे। इसके उपरांत उन्होंने मुंगोली ओपन कास्ट खदान का मुआयना किया एवं सेफ़्टी के साथ गुणवत्ता पूर्ण कोयला उत्पादन करने और कोयला प्रेषण / डिस्पैच को प्रभावी रूप से अंजाम देने को कहा। इसके बाद उन्होंने वणी नॉर्थ क्षेत्र के वणी साइडिंग का निरीक्षण कर क्षेत्र की टीम से संवाद किया।

इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री आभाष चंद्र सिंह, सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उनके साथ उपस्थित रहे।






वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।